14.03 hrs.

MR. DEPUTY-SPEAKER: Matters under Rule 377 listed for the day, be treated as laid on the Table of the House.

...(*Interruptions*)

**Title:** Need to provide financial assistance to Government of Maharashtra for smooth conduct of Kumbh Mela at Nasik and Ankaleshwar- Laid.

**श्री चिंतामन वनगा (दहानू) :** नासिक और अंकलेश्वर में सन 2003 में कुंभ मेला हो रहा है। इस मेले में पूरे देश से और विदेश से भी साधु-संत और श्रद्धालू आते हैं। यह मेला करीबन एक महीना चलता है। बहुत भीड़ होने के कारण वहां प्रशासन को सड़कें, रहने की सुविधा, आरोग्य सेवा, यातायात सेवा, पीने का पानी आदि व्यवस्था करनी पड़ती है। यह काम स्थानीय प्रशासन की मदद से राज्य सरकार कर रही है। इसके लिए मास्टर प्लान भी बनाया गया है और काम भी शुरू हुआ है। लेकिन स्थानीय प्रशासन और राज्य सरकार को अनेक मर्यादा के कारण ये सेवा उपलब्ध कराना मुश्किल हो रहा है। इसलिए मेरा भारत सरकार से निवेदन है कि नासिक-अंकलेश्वर में होने वाले कुंभ मेले के लिए विशेष सहायता देने की कृपा करें।

* Treated as laid on the Table of the House.